Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 27-06-2022 अंक 268

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## अवैध नर्सिंग होम एवं फर्जी चिकित्सक की सर्टिफिकेट जांच को लेकर कमेटी गठित, जल्द चलेगा अभियान

### मेडिकल स्टोर एवं बिना निबंधित क्लीनिक की भी होगी जांच : एसडीओ




पूनम कुजूर (एसडीओ) एव डॉ प्रकाश ज्ञानी (डीएस)

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही अनुमंडल में चल रहे अवैध नर्सिंग होम एवं रजिस्ट्रेशन फेल होने के बाद भी संचालित नर्सिंग होम के साथ साथ मेडिकल स्टोर एवं अवैध क्लीनिक के खिलाफ जांच अभियान चलाया जाएगा। ज्ञात हो कि दैनिक भास्कर में छपी खबर पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त हज़ारीबाग़ के निर्देशानुसार सदर अनुमंडल एवं बरही अनुमंडल में चल रहे अवैध नर्सिंग होम, अवैध क्लीनिक, मेडिकल स्टोर की जांच के लिए कमेटी गठित की गई है। चार सदस्यीय कमेटी में बरही अनुमंडल के लिए एसडीओ पूनम कुजूर को कमेटी का अध्यक्ष, कार्यपालक दंडाधिकारी दीपा खलको को सदस्य, डॉ प्रकाश ज्ञानी डीएस को सदस्य एवं डॉ रजनीकांत प्रभारी बरकठ्ठा पीएचसी को शामिल किया गया है। टीम के द्वारा बरही प्रखंड, चौपारण प्रखंड, बरकठ्ठा एवं पदमा प्रखंड में संचा. लित नर्सिंग होम सहित अन्य हेल्थ से जुड़े प्रतिष्ठानो की जांच की जाएगी। उक्त टीम के द्वारा जांच कर प्रतिवेदन 12 जुलाई 2022 तक उपायुक्त को देने की बात कही गयी है। ज्ञात हो कि बरही अनुमंडल में दर्जनों ऐसे नर्सिंग होम संचालित हैं। जो बोर्ड तो डॉक्टर का लगा रखे हैं लेकिन नर्सिंग होम में उनकी सेवा नही रहती है। कई ऐसे नर्सिंग होम भी संचालित है जो नर्सिंग होम के मापदंड को पूरा नही करते हैं, फिर भी सीएस कार्यालय से नि. बंधन दे दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई ऐसे अवैध क्लीनिक भी हैं। जो बिना वैध कागजात के ही संचा. लित है। इस संबंध में एसडीओ पूनम कुजूर ने बताया कि उपायुक्त महोदया के निर्देशानुसार अनुमंडल स्तर पर जांच टीम गठित की गई है। टीम के द्वारा तीन तरह की जांच की जाएगी। पहला जिनका रजिस्ट्रेशन है उनकी कागजात की जांच होगी। जिनका रजिस्ट्रेशन फेल हो चुका है , उसके बाद नवीकरण क्यों नही किया गया उसके संबंध में जांच होगी। दूसरा अवैध क्लिनिक एवं फर्जी चिकित्सकों की सर्टिफिकेट जांच होगी। तीसरा मेडिकल स्टोर की निबंधन की जांच होगी, साथ ही यह भी जांच होगी कि मेडिकल स्टोर का संचालन वैध फर्मासिस्ट के द्वारा किया जा रहा है या नही। इन सभी बिंदुओं पर जांच कर जांच प्रतिवेदन उपायुक्त को भेजी जाएगी। उसके बाद उपायुक्त के निर्देशानुसार विधि सम्मत सील करने एवं बन्द करने की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब हो कि बरही प्रखंड में मात्र 6 नर्सिंग होम को निबंधन प्राप्त है। इसमें धनबाद रोड़ में संचालित अब्दुल गफ्फार मेमेरियल हॉस्पिटल, अपेम ट्रस्ट हॉस्पिटल न्यू कॉलोनी बरही,, ओम नर्सिंग होम अम्बेडकर नगर बरही, आरोग्य सेवा सदन, गया रोड बरही, संगीता प०ली क्लीनिक, भारती नर्सिंग होम करियातपुर शामिल है। इसके अलावे जितने भी नर्सिंग होम संचालित किए जा रहे हैं वे सभी निबंधित नही है या रिन्यूवल नही किया गया है।

## कुष्ठ रोगियों की पहचान को लेकर 1 से 14 जुलाई तक चलेगा डोर टू डोर सर्वे,

### कुष्ठ, एनीमिया, टीबी एव मोतियाबिंद रोगियों की पहचान को लेकर डीएस में दी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण



स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण देते डॉ प्रकाश ज्ञानी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

एनीमिया एव कुष्ठ मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत एक जुलाई से 14 जुलाई तक डोर टू डोर सर्वे कर कुष्ठ रोगियों की पहचान की जाएगी। इसके साथ ही टीबी एव मोतियाबिंद से ग्रसित रोगियों की भी पहचान की जाएगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल बरही में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। डीएस ड० प्रकाश ज्ञानी ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने को तीन सदस्यीय स्वास्थय कर्मियों की एक टीम बनाई गई। जिसमे एक महिला स्वास्थ्य कर्मी एवं एक पुरुष स्वास्थ्यकर्मी को शामिल किया गया है। इस कर्यक्रम में कुल 240 टीम बनाई गई है। 50 सुपरवाइजर बनाएं गए है। टीम घर घर सर्वे कर रोगियों की पहचान करेगी। उसे अस्पताल तक लाएगी। उस रोगी का अस्पताल में निःशुल्क इलाज होगी। सभी को सर्वे फ०र्म की भी जानकारी दी गई। वही बाल विकास परियोजना में भी डॉ एजाज के द्वारा भी सभी आँगन बाड़ी सेविकाओं को डोर टू डोर सर्वे के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। मौके पर बीपीएम नारायण राम, पंकज कुमार आज़ाद, बिनय सिन्हा, बिजेंद्र कुमार, रीमा पांडेय, मो इरशाद, संतोष कुमार,विद्या देवी, रवि शंकर कुमार,उपेंद्र कुमार दास, प्रह्लाद कुमार, विष्णु महतो,मीना देवी, कांति देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## युवाओं के लिए लाभकारी के साथ साथ नुकसानदायक भी है सेना भर्ती का स्कीम अग्निवीर : पूनम यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

आरजेडी के युवा प्रदेश महासचिव पूनम यादव ने अग्निपथ के विषय में बताया की देश भर में भारतीय सेना में भर्ती के लिए नई योजना अग्निपथ योजना का जमकर विरोध हो रहा है। इस बीच भारतीय वायु सेना ने अपनी वेबसाइट पर केंद्र सरकार की श्अग्निपथश योजना से जुड़ी जानकारी साझा की है। वायु सेना की और से इसकी चयन की प्रक्रिया 24 जून से शुरू हो गई है। इसमें अप्लाई करने के लिए उम्मीदवार की आयु 17.5 वर्ष से 21 वर्ष के बीच होनी चाहिए। जिससे अग्निपथ जैसे योजना युवाओं के लिए लाभदायक के साथ साथ नुकसान भी है।



पूनम यादव

**अग्निपथ योजना से युवाओं को किस प्रकार है लाभ**

उन्होंने कहा की अग्निपथ योजना के तहत चार साल के लिए भर्ती युवाओं को सेना में भर्ती किया जाएगा। चार साल बाद 25 प्रतिशत युवा अपनी सेवाएं सेना में जारी रख सकेंगे। साथ ही सेवा समाप्त होने के बाद प्रत्येक अग्निवीर को 11.71 लाख रुपए एक मुश्त सेवा निधि पैकेज मिलेगा। सेवा समाप्त होने के बाद दूसरी नौकरी के अवसर मिलेंगे

**अग्निपथ से युवाओं को किस प्रकार है नुकसानदायक**

चार साल के बाद केवल 25 प्रतिशत अग्निवीरो को ही नौकरी दी जाएगी, शेष 75 प्रतिशत को अनिवार्य रूप से रिटायर्ड कर दिया जाएगा। ऐसे में जो अग्निवीर 17 साल की उम्र में नौकरी में आएंगे, वे 21 साल की उम्र में बेरोजगार हो जायेंगे। उनके पास ना तो प्रोफेशनल डिग्री होगी, ना विशेष योग्यता। ऐसे में वे दर दर की ठोकर खाने को मजबूर हो जाएंगे।

## उत्पाद विभाग ने शराब के अवैध भट्ठियों पर मारा छापा




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

उत्पाद आयुक्त के निर्देश पर अवैध देशी शराब के अड्डों पर छापामारी अभियान चलाया गया। उत्पाद विभाग के प्रभारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी की गई। इस क्रम में रविवार को बरही थाना अंतर्गत कोल्हुआकला के बेला व गुडियो में छापेमारी की गयी। उत्पाद विभाग अभियान चलाकर भट्ठियों को ध्वस्त किया गया और लगभग तीन हज़ार किलो महुआ को विनष्ट किया गया। वहीं 220 लीटर के करीब अवैध महुआ शराब को भी विनष्ट करते हुए कार्रवाई की गयी। उत्पाद विभाग के प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान लगातार आगे भी चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई लेकिन जुर्माना के साथ उन्हें छोड़ दिया गया। उन्होंने सभी जगहों पर भट्ठियां पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। उन्होंने आम लोगों से अपील भी किया कि उनके आस पास अवैध शराब के कारोबार की जानकारी हों तो इसकी जानकारी उनतक अवश्य पहुंचाए, पूरी सूचना गुप्त रखी जायेगी।

## एकाकृत शिक्षक संघ ने मृत शिक्षक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के कारगइयो निवासी सह कारगइयो विद्यालय के सचिव अशोक पंडित की मौत एक जून को करेंट लगने से हो गई थी। वहीं एकाकृत शिक्षक संघ ने सोमवार को मृतक अशोक पंडित की पत्नी मोसोमात ललिता देवी से मिलकर उनका ढांढस बंधाया। उसके बाद सभी पारा शिक्षक संघ के सदस्यों ने मृतक के चित्र पर पुष्प अर्पित किया साथ ही सभी ने आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रा. र्थना किया। और आर्थिक सहयोग के रूप में दो लाख सत्तर हजार एक सौ रुपया चेक सौपा। वहीं समाजसेवी मो कयूम ने कहा की स्व अशोक पंडित मृदुल स्वभाव के व्यक्ति थे। समाज के हर एक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे, मैं इनकी निधन से काफी मर्माहत हूं। मौके पर शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय कुमार दुबे, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कयूम, मुखिया मंगलदेव यादव, समाजसेवी जमीरउद्दीन अंसारी, मनोज घोष, कलीम अंसारी, सुखदेव अदाव, सुभाष यादव, रामचंद्र यादव, तारा देवी, ममता देवी, नसरीन बानो, प्रकाश यादव, मेघलाल महतो, केदार महतो, लियाकत अंसारी, राजू शर्मा सहित गांव के अन्य दर्जनों लोग मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## एनजीटी के रोक के बावजूद धोबियापहरी नदी से हो रहा है बालू उठाव, अधिकारी मौन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मानसून के आगमन के पूर्व बालू घाटों वा नदियों से बालू उठाव पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। एन जीटी के आदेश के बाद 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव नही किया जाना है। इसके मुताबिक बरसात के मौसम में नदी क्षेत्र से बालू नही निकाला जा सकता है। जिले में इस आदेश को खनन विभाग ने प्रभावी तरीके से लागू कर दिया है। कहीं भी अवैध बालू उठाव की सूचना पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है। इसी क्रम में भंडारों पंचायत अंतर्गत धोबियापहरी से प्रतिदिन लगभग 30 से 40 ट्रक बालू का उठाव प्रत्येक दिन किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों अवैध रूप से बालू उठाने वालो का विरोध भी किया परंतु बालू माफियाओं को किसी का कोई डर नही है। साथ ही उन्होंने बरही प्रशासन से अपील किया की जल्द से जल्द बालू उठाव पर रोक लगाया जाए।

**एनजीटी क्या है**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की स्थापना 18/10/2010 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट 2010 के तहत पर्यावरण संरक्षण और वनों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से सं. बंधित मामलों के प्रभावी और त्वरित निपटान के लिए की गई है।

## सरैया में अग्निपथ योजना के खिलाफ सत्याग्रह कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइवः पदमा**



पदमा प्रखंड अंतर्गत सरैया में आयोजित अग्निपथ योजना के खिलाफ सत्याग्रह कार्यक्रम में बरही विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। वहीं उन्होंने सत्याग्रह कार्यक्रम के माध्यम से लोगो के बीच जानकारी साझा करते हुए कहा की केंद्र सरकार अग्निपथ के तहत अ०फिसर रैंक से नीचे के पद पर केवल चार साल के लिए सेना में शामिल करने की योजना पेश की गई है। अब हम सभी को यह सोचना होगा की क्या अ०फिसर रैंक से नीचे पद पर उच्च वर्गीय परिवार के लोग नौकरी करेंगे या फिर केवल इस रैंक पर सिर्फ माध्यम और निम्न वर्ग के लोग ही नौकरी करेंगे। मतलब साफ है गरीब और गरीब होता जायेगा और यह सभी अपना राजनीति चमकाएंगे। सैनिक की तैयारी करने के लिए युवाओं को चार से पांच वर्षो तक कठिन प्रशिक्षण से गुजरना पड़ता है। उस जगह पर मात्र तीन महीना का प्रशिक्षण प्राप्त कर अग्निवीर सरहद की सुरक्षा कैसे कर पाएंगे। चार साल बाद जब यह सभी अग्. निवीर सेना से बाहर हो जायेंगे तब क्या करेंगे। इन सभी अग्निवीरों के जीवन की आर्थिक सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा। अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों को नो रैंक नो पेंशन लागू करने का योजना बनाया जा रहा है जो बिल्कुल गलत है। मौके पर बरही विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, बरही कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, नरेश सिंह, लालेश साहू सहित सैकड़ों अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं डी एस ओ ने लिया बिरहोरों का सुध

### जल्द बनेंगे बिरहोरों के आवास,चकाचक होंगे जर्जर कुटिया : कल्याण पदाधिकारी





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखंड के बक्चुम्बा पंचायत के बिरेखाप गांव के झुग्गी झोपड़ियों में निवास करने वाले बिरहोरों का अब दिन बहुरेंगे। सोमवार को उपायुक्त अंजली यादव के निर्देश पर जिला कल्याण पदाधिकारी ईश्वर महतो डी एस ओ सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो एवं बी डी ओ हुलास महतो ने बिरहोर कालोनी पहुंच कर बिरहोर परिवारों की सुध ली।बिरहोरों की दशा देख पदाधिकारियो ने अचंभित हो गए।जिला कल्याण पदाधिकारी ईश्वर महतो ने बिरहोरों के लिए जिनको जरूरी है उनका नया आवास,जिनका आवास जर्जर है उनका आवास की मरम्मती की जाएगी।उन्होंने कहा कि जल्द ही बिरहोर झुग्गी झोपड़ियों से उन्हें निजात मिलेगी।वहीं कल्याण विभाग से ही बिरहोरों के लिए चबूतरा, एवं धुमकुड़िया आवास का निर्माण करवाया जाएगा,जिसके लिए बी डी ओ को जल्द रिपोर्ट करने का निर्देश दिया।वहीँ डी एस ओ गोरांग महतो ने कहा कि बिरहोर के दो छात्राएं मैट्रिक की परीक्षा पास की है जो इनके समाज मे अपने आप मे एक अनोखा मिशाल पेश किया गया है।उन्होंने कहा कि मैट्रिक पास की पूनम कुमारी एवं मोनी कुमारी को उच्चतर शिक्षा के लिए कस्तूरबा आवासिय विद्यालय में इंटर की पढ़ाई के लिए नामांकन करवाया जाएगा।ताकि बिरहोर के इन लड़कियों को उच्च शिक्षा भी प्राप्त हो सके।वही इन छात्राओं को पदाधिकारियो ने बधाई भी दिए।वही बिरहोर परिवारों के लिए सुंदर आवास बनवा कर इनको रोजगार से जोड़ने के लिए मनरेगा से भी काम दिया जाएगा।मौके पर बी डी ओ हुलास महतो,मुखीया पार्वती देवी,प्रखण्ड कल्याण पदा. धिकारी मुकेश सिंह,सहित कई लोग शामिल थे।

## ब्रह्म विद्या विहंगम योग की ओर सत्संग गोष्ठी का आयोजन


**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सत्संग गोष्ठी में शामिल श्रद्धालु

ब्रह्म विद्या विहंगम योग की ओर से हज़ारीबाग़ रोड स्थित शंकुतला पैलेस में सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा कुमार गुप्ता ने किया । कार्यक्रम की शुरुआत सद्गुरु सदाफ़लदेव जी महाराज एवं अन्य गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया गया। उसके बाद 5 बार का उद्घोष किया गया। स्वागतगण किशोर सिंह के द्वारा किया गया। मंगलगान सिकंदर सिंह के द्वारा किया गया। उद्घोष कैलाश प्रसाद केशरी ने किया। स्वर्वेद का पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने स्वर्वेद का पाठ करते हुए कहा कि स्वर्वेद अपने आत्मा की जानकारी लेने का सशक्त माध्यम है। कहा कि ज्ञान की प्राप्ति के लिए गुरु का सत्संग जरूरी है। इस कार्य मे ब्रह्म विद्या विहंगम योग काफी मददगार है। मौके पर भजन, आरती, अमृत वाणी एवं शांति पाठ सामूहिक तौर पर किया गया। मौके पर सिकंदर सिंह, राजदेव सिंह, उपेंद्र पांडेय,बद्री सिंह, अनमोल राणा, पूनम देवी, यशोदा देवी, चमेली कुमारी, कैलाश प्रसाद केशरी, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद थे।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 27-06-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## गिरिडीह रेड क्रॉस भवन में लगेगा 5 जुलाई से निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह रेड क्रॉस भवन (सर्कस मैदान के सामने) में गिरिडीह ज़िला चौंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच और गिरिडीह प्रेरणा शाखा के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर मीडिया से मुखातिब होते हुए आगामी 05जुलाई 2022से आयोजित होने वाली तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम प्रत्यारोपण शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी जो निम्नवत है : ष्मूव इंडियाष अभियान के तहत 100 कृत्रिम अंग वितरण का लक्ष्य गिरीडीह जिला चेंबर ऑफ क०मर्स एवं मारवाड़ी युवा मंच गिरिडीह प्रेरणा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा. गिरीडीह जिला चेंबर ऑफ क०मर्स एवं मारवाड़ी युवा मंच गिरिडीह प्रेरणा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी दिनांक 5 जुलाई से ष्मूव इंडियाष अभियान के तहत निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर रेड क्रॉस भवन में आयोजित होगा और लाभ लेने के इच्छुक लोगों को 5 जुलाई को सुबह 9:00 बजे रेड क्रॉस भवन आना होगा। इस शिविर के माध्यम से लगभग 100 कृत्रिम अंगों के वितरण का लक्ष्य है. उपरोक्त जानकारी देते हुए गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश मोदी एवं प्रेरणा शाखा अध्यक्ष अर्चना केडिया ने प्रेस वार्ता में संयुक्त रूप से बताया कि झारखंड में लगने वाले 11 शिविरों की श्रृंखला का पहला शिविर 26 जून से गोविंदपुर में चल रहा है जबकि दूसरा शिविर धनबाद में लगेगा.इस शिविर में बिना किसी जाति, धर्म, भाषा, संप्रदाय और क्षेत्रीय भेदभाव के दिव्यांग लाभ ले सकते है. जर्मन तकनीक से बनेंगे कृत्रिम अंग प्रेस वार्ता में बताया गया कि दिव्यांगों को प्रदान किये जाने वाले कृत्रिम अंगों को जर्मन तकनीक से बनाया जाता है, हालाँकि कृत्रिम अंगों को हल्का बनाने में भारतीय शोध कारगर रही है. जर्मन तकनीक से बने कृत्रिम अंगों का वज़न औसतन 4 से साढ़े किलो होता है जबकि भारत में इस तकनीक से बने अंगों का वजन 2 से ढाई किलो होता है. दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी मिलेंगे शिविर में आने वाले वैसे दिव्यांगों को,जिनके पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं है अथवा कोई संशोधन करवाना चाहते है तो, इसकी सुविधा उपलब्ध होगी. इस संबंध में मंच की शाखाएं सम्बंधित जिले के सिविल सर्जन से संपर्क कर रही है. दिव्यांगों को अपने आधार की मूल प्रति के साथ-साथ एक छाया प्रति और 2 नवीनतम पासपोर्ट आकार की फ़ोटो लेकर आना होगा. 6 सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम आएगी शिविर को सफ़ल बनाने हेतु अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के नेशनल मारवाड़ी फाउंडेशन द्वारा 6 विशेषज्ञों की टीम आएगी, जो शिविर के पहले दिन पंजीकृत लोगों की जांच करेगी और चयनित दिव्यांगों को दिए जाने वाले कृत्रिम अंगों का नाप लेगी फिर अगले दो दिनों में उसका निर्माण होगा और चौथे दिन उसका वितरण होगा. कृत्रिम अंग की ख़ासियत शिविर में प्रदत्त होने वाले कृत्रिम पैर के सहारे व्यक्ति नृत्य कर सकता है. पहाड़ पर चढ़ सकता है और साईकिल भी चला सकता है. प्रेस वार्ता में प्रांतीय उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल प्रेरणा सचिव रिया अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पूनम चिरानिया और कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर के समन्वयक प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित थे.

## पुलिस ने तीन वारंटियों को भेजा जेल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने सोमवार को तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार वारंटियों में खरना पंचायत के बारा निवासी जीवाधन साव उर्फ जीवाधन प्रसाद के खिलाफ बरकट्ठा थाना में मामला दर्ज था। वहीं, एक अन्य मामले में अलपीटो पंचायत के अलकोपी निवासी किशोरी यादव तथा महेन्द्र यादव को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। तीनों आरोपियों की तलाश पुलिस लंबे समय से कर रही थी




## दिव्य अकेडमिक आवसीय विद्यालय ने दसवीं परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बरमसिया के रामनगर स्थित दिव्य एकेडमिक आवासीय विद्यालय ने उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के बीच सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा बता दें 21 जून को झारखण्ड में दसवीं तथा बारहवीं का रिजल्ट जारी किया गया था,जिसमें दिव्य अकैडमिक आवासीय विद्यालय बिरनी के शत प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए,वही शैली प्रिया ने 452 अंक प्राप्त कर विद्यालय में ट०प की तथा कोमल 433 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल की,वहीं अंशु कुमारी 432 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल की शैली प्रिया ने कही कि इस सफलता का श्रय विद्यालय के शिक्षकों तथा माँ-पिता को देती हूँ , ओर आगे भी अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करुँगी, मैं आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हूँ। विद्यालय के प्रबंधक मुन्ना कुमार ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इसी तरह आगे भी मेहनत जारी रखें और अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन करे, वहीं विद्यालय प्रबंधक पंकज गुप्ता ने कहा विद्यार्थियों को शिष्टाचार हमेशा कायम रखना चाहिए यही एक अच्छे विद्यार्थी होने का परिचय होता है शिक्षिका बप्पी पल्लवी ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियां आगे निकलती दिख रही है चाहे वह कोई भी परीक्षा हो चाहे कम्पी. टिशन हो या अन्य परीक्षा इस सम्मान समारोह के दौरान मुख्य रूप से विद्यालय के संस्थापक नवीन कुमार मोदी उपस्थित रहे साथ हीं प्रधानद्यापक मुकेश कुमार, शिक्षक दीपक कुमार, विशेष कुमार,अरविन्द कुमार,राजेश कुमार,अभिषेक कुमार तथा शिक्षिका कविता बरनवाल आदि दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे ।

## पेशम पंचायत एक नई दिशा की और मुखिया : रागिनी सिन्हा

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत पेशम पंचायत मुखिया रागिनी सिन्हा ने आपने पंचायत का भर्मण की। जानकारी के अनुसार बता दे कि बिरनी प्रखंड अंतर्गत पेशम पंचायत की मुखिया रागिनी सिन्हा सोमवार को वार्ड भर्मण करती हुई निकली है।ओर लोगों की जो भी समस्या है उसका निवारण हेतु जन संपर्क कर रही है। वार्ड नंबर 7 यादव टोला में नली निर्माण के लिए लोगों अनुरोध आया जिसका संज्ञान लिया गया। ओर जिनका अभी तक आवास नहीं मिला उसका भी संज्ञान लिया गया। वार्ड नम्बर 8 में मोव चम्पा देवी पति स्वव किशोरी सिंह आवास निर्माण कार्य जो चल रहा है उसका भी निरक्षण किया गया। साथ ही जितने स्ट्रीट लाइट लगा है जो बन्द हो गया था उसे पुनः चालू किया जा रहा है। समस्याओं का निदान करने हेतु मुखिया जी रागिनी सिन्हा खुद सभी वार्ड घूम रही है। गली नाली लाइट वगेरा हर छोटी मोटी समस्या का हल किया जाएगा।

## निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर डीसी ने किया रवाना





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज सोमवार 27जून 2022को10.30बजे नया समाहरणाल्य भवन परिसर से 05जुलाई से 08जुलाई तक आयोजित निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर हेतु प्रचार वाहन को गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर गिरिडीह ज़िला चौंबर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच व गिरिडीह प्रेरणा शाखा के पदाधिकारी मौजूद थे। गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ क०मर्स, मारवाड़ी युवा मंच, गिरिडीह प्रेरणा शाखा के पदाधिकारियों ने गिरिडीह उपायुक्त को पौधा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गिरिडीह उपायुक्त ने आहूत शिविर को लेकर तीनों संस्थाओं के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया और इस प्रशंसनीय कार्य की तारीफ भी किया। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि मारवाड़ी यूवा मंच, प्रेरणा शाखा और चेंबर अ०फ क०मर्स द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन कर रही है। चौंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला और प्रेरणा शाखा की सचिव रिया शर्मा अग्रवाल ने कहा कि तीन दिवसीय शिविर शहर के रेड क्रॉस भवन (सर्कस मैदान गिरिडीह के सामने) में आयोजित किया जाएगा। जहां दिव्यांगो को कृत्रिम अंग देने के लिए असम के मारवाड़ी युवा मंच यूनिट में खासतौर पर कृत्रिम अंग तैयार किए गए हैं। जरूरतमंदों के लिए आज 27जून से रेड क्रॉस भवन में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। हमारा संयुक्त प्रयास रहेगा की शिविर में जिले के अधिक से अधिक जरूरतमंदों (दिव्यांगो) को लाभ दिया जा सके। इसके लिए आज से ही ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार हेतु वाहन को रवाना किया गया है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए दिव्यांग का एक पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड साथ में लेकर आना जरूरी है।
आज इस मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, स्टेट कॉर्डिनेटर प्रकाश शर्मा, प्रेरणा शाखा अध्यक्ष अर्चना केडिया, सचिव रिया अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश मोदी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, सचिव प्रमोद कुमार, सुनील मोदी, दीपक चिरानिया, विकास खेतान समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति ने किया समीक्षात्मक बैठक का आयोजन, लिए कई निर्णय

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें लगभग सभी विभागों के संबंधित अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान मनरेगा, 15 वें वित्त आयोग, श्रम एवं नियोजन, बाल विकास परियोजना, वेलफेयर, विद्युत आपूर्ति, विभाग, जेएसएलपीएस, प्रदान, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व अन्य विभागों के अधिकारी–कर्मी शामिल हुए और विभाग से संचालित कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन होने से राज्य में विकास की गति को रफ्तार मिलेगी। जनहित में कार्य करने वाले लोगों को उचित हक–अधिकार और सम्मान मिल सकेगा। कई विभागों के अधिकारियों का कार्य संतोषजनक नहीं मिलने पर अध्यक्ष ने तीन वर्षो से कई विभाग के संचालित योजनाओं की सूची संलिप्त कागजातो के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिया। साथ ही राशन कार्ड, पेंशन व अन्य प्रमाण पत्र बनवाने का निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि के दबाव में आकर बिना जांच पड़ताल का कोई भी दुरुपयोग की योजनाओं का स्वीकृति नहीं दिया जाए विभाग के अधिकारी स्वयं इसकी जांच करें ताकि जरूरतमंदों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

कई अधिकारियों के गायब रहने से नाराज दिखे बिससूत्री अध्यक्ष बैठक से कई अधिकारियों के गायब रहने पर 20 सूत्री का पारा गरम दिखा उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी अपने कार्यशैली में बदलाव लावे अन्यथा उच्च. ाधिकारियों तक इसका शिकायत किया जाएगा।

जनप्रतिनिधि और पदाधिक. ारी समन्वय बनाकर चलें तभी हो सकता है संपूर्ण विकासरू प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत सचिव व जनप्रति. निधि आपस में समन्वय बनाकर उचित कार्यों को देखते हुए योजनाओं की स्वीकृति दे ताकी कार्य सही तरीके से किया जा सके। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष शक्ति रविदास बीस सूत्री सदस्य सदस्य एजाज अहमद, मोतीलाल मुर्मू, नंद किशोर सिन्हा, जमीला खातून, सोनू साव, मरगूब आलम, सांसद प्रतिनिधि श्री राम यादव, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चंद्र मोहन कुमार, एसआई उदित बेदिया एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्थानीय शिक्षकों की लापरवाही से विद्यालय का संचालन पूरी तरह से ठप होने का ग्रामीणों ने लगया आरोप

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय गावां में शिक्षा व्यवस्था पूर्ण रूप से चौपट हो गई है, इसमें स्थानीय शिक्षकों की लापरवाही स्पष्ट नजर आ रही है। इसको देखते हुए गावां पंचायत के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद एवं जनप्रतिनिधियों ने मिलकर सोमवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गावां को एक लिखित आवेदन सौंपकर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है। वही जनप्रतिनिधियों ने बताया कि समय पर शिक्षक आते नहीं है और नियमित रूप से विद्यालय में पठन–पाठन का कार्य भी नहीं होता है, विद्यालय भी नियमित समय से नहीं खुलता है। सभी शिक्षक का स्थानीय होने के कारण ये मनमानी करते हैं। वे विद्यालय में सिर्फ हाजिरी बना कर अपने निजी कार्यो में लग जाते है। उन्होंने मांग किया है कि 15 दिनों के अंदर जल्द से जल्द स्थानीय शिक्षकों को हटाकर योग्य शिक्षक को बहाल किया जाए नहीं तो हम लोग समस्त जनप्रति. निधि मिलकर आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन करने पर बाध्य हो जाएंगे। मौके पर गावां पंचायत के मुखिया कन्हैया कुमार, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

## किसानों को दी जा रही हाइब्रिड धान की बीज वितरण का शुभारंभ हुआ

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : आत्मनिर्भर बड़कागांव फार्मर सर्विसेज प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा किसानों को 50ः अनुदान पर उन्नत किस्म की हाइब्रिड धान बीज वितरण का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्य प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन की अध्यक्षता में एवं कृषक मित्र सनीत महतो की संचालन में बतौर अतिथि बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ,उप प्रमुख वचन देव कुमार ,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, पंचायत समिति सदस्य तथा मुखिया की उपस्थित मे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कृषक मित्र सनीत महतो ने बताया कि किसानों को बेहतर खेती करने को लेकर 50ः अनुदान राशि पर किसानों को राइस कंपनी के हाइब्रिड धान का बीज मुहैया कराई जा रही है अब तक लगभग 200 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। धान का बीज उन किसानों को दिया जाएगा जिनका रजिस्ट्रेशन कराया हुआ रहेगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन ,मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र कुमार प्रसाद, मुखिया वासुदेव यादव, श्याम भार्गव, रामेश्वर महतो, सनीत महतो , बीटीएम विजय कुमार, एटीएम मोहम्मद जिया ,रघुनंदन प्रजापति, पारसनाथ प्रजापति, शिवकुमार महतो, पंकज कुमार ,महेंद्र साव , सुरेश महतो ,सुरेश प्रजापति, प्रेम लाल महतो के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेसियों ने कड़ा विरोध किया। बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय परिसर प्रांगण में कांग्रेस पार्टी की ओर से विधानसभा स्तरीय सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे एवं संचालन केरेडारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़कागांव केरेडारी एवं पत. रातू प्रखंड के कांग्रेसियों ने भाग लिया ।सुबह 10रू00 बजे से लेकर दोपहर 1रू00 बजे तक सत्याग्रह आंदोलन किया गया तत्पश्चात राजपाल के नाम बीडियो को ज्ञापन सौंपा गया। सत्याग्रह आंदोलन में कांग्रेसियों ने योजना को वापस लेने की मांग केंद्र सरकार से की है । कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित कांग्रेसियों ने बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद को बुके व माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।मौके पर विधायक ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार सामाजिक सुरक्षा की आधार को नष्ट कर रही है जो भविष्य मे जनता के लिए अच्छी नहीं है। केंद्र की अग्निपथ योजना युवाओं के भविष्य के साथ खेल खेला जा रहा है जो भविष्य के लिए खिलवाड़ है। तीन कृषि बिल कानून की तरह सरकार को इस योजना को भी वापस लेना पड़ेगा। वही प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने कहा कि केंद्र सरकार को अग्निपथ योजना को लेकर पुनः विचार करना चाहिए ताकि युवाओं को लℴन्गा टर्म तक देश की सेवा के लिए रखा जा सके। और उनका उनके परिवार का भविष्य बेहतर हो सके।मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ,वाहिद हुसैन, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बाबर हुसैन पंकज गुप्ता, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, दिलदार अंसारी ,सुरेश महतो ,अजीत कुमार ,शेख अब्दुल्ला ,गिरेंद्र कुमार, आसित चक्रवर्ती,मुखिया वासुदेव यादव ,श्याम भार्गव, निरोज करमाली, सुरेश राम, मनोज सिंह, मोहम्मद तसलीम, आनंद कुमार, मोहम्मद जमाल, त्रिलोकी साव, महेंद्र साव ,छोटे खान, अहमदुल्लाह शमशेर अंसारी सुरेश साव, नेमधारी राम, पदूम साव , कुलेश्वर राम ,नवीन ठाकुर , बसंती देवी, कलावती देवी, सुनीता देवी, ममता देवी, गायत्री देवी, पूजा देवी के अलावा कई कांग्रेसी उपस्थित थे।






हमारे यहां उचित मूल्य पर समान मिलता है।